भारत सरकार

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2946

(दिनांक 06.08.2025 को उत्तर देने के लिए)

एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र हेतु आईआईसीटी की स्थापना

2946. श्री मनोज तिवारीः
श्री कंवर सिंह तंवरः
श्री हरीभाई पटेलः
सुश्री कंगना रनौतः
श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन:

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स और विस्तारित वास्तविकता (एक्सटेंडेड रियलिटी) के क्षेत्र में भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव है/स्थापित कर रही है और यदि हाँ, तो इसके मुख्य उद्देश्य क्या हैं;

(ख) क्या महेसाणा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र को भी उक्त संस्थान की स्थापना के लिए चिह्नित किया गया है और यदि हाँ, तो इसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का उक्त भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान को प्रशासनिक और शैक्षणिक संरचना के संदर्भ में आईआईटी और आईआईएम की तर्ज पर विकसित करने का प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार ने उक्त संस्थान में शैक्षणिक कार्यक्रमों, बुनियादी ढांचे के विकास और छात्र प्रवेश प्रक्रिया के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है और यदि हाँ, तो इसका ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूचना और प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री

(डॉ. एल. मुरूगन)

(क) से (घ): सरकार ने रचनात्मक प्रौद्योगिकियों के लिए महाराष्ट्र सरकार, फिक्की और सीआईआई के सहयोग से कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत धारा 8 कंपनी के रूप में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीज (आईआईसीटी) की स्थापना की है।

- एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्र में उच्च-गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुसंधान, नवाचार और कौशल विकास प्रदान करने वाला एक विश्व स्तरीय संस्थान।
- आईआईसीटी-एनएफडीसी परिसर, मुंबई का उद्घाटन दिनांक 18 जुलाई 2025 को फिल्म सिटी, गोरेगांव पूर्व, मुंबई में एक स्थायी परिसर स्थापित करने के विजन से किया गया।
- आईआईसीटी के विकास और संचालन के लिए ₹392.85 करोड़ आवंटित किए गए हैं।
- आईआईसीटी को रचनात्मक प्रौद्योगिकियों के लिए एक संस्थान के रूप में आईआईटी और आईआईएम की तर्ज पर तैयार किया गया है।
- आईआईसीटी ने अकादमिक सहयोग के लिए गूगल, मेटा, एनवीडिया, माइक्रोसॉफ्ट, एप्पल, एडोब, डब्ल्यूपीपी और अन्य जैसी प्रमुख वैश्विक कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं।
- आईआईसीटी का पाठ्यक्रम, उद्योग की सहभागिता के माध्यम से एवीजीसी-एक्सआर, वीएफएक्स, एनीमेशन और गेमिंग क्षेत्रों की रियल-वर्ल्ड की मांगों के अनुरूप है।
- आईआईसीटी को एवीजीसी-एक्सआर क्षेत्रों में पेशेवरों और प्रशिक्षकों के लिए उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

शासन संरचना में एक निदेशक मंडल और एक शासी परिषद शामिल है जिसमें शिक्षा जगत, सरकार और उद्योग जगत के विशेषज्ञ शामिल हैं।

आईआईसीटी का शैक्षणिक सत्र सितंबर, 2025 से शुरू होने वाला है, जिसमें गेमिंग, पोस्ट-प्रोडक्शन, एनिमेशन, कॉमिक्स, एक्सआर और संबंधित सर्टिफिकेशनों में 17 विशिष्ट पाठ्यक्रम संचालित किए जाने हैं। प्रस्तावित पाठ्यक्रमों और छात्र प्रवेश प्रक्रिया का विवरण https://iict.org पर देखा जा सकता है।

*****